कार्यालय महानिदेशक कारागार हरियाणा, पंचकुला

वालंटियर जेल वार्डरों का चयन

विज्ञापन संख्या :- दिनांक :-

एक वर्ष की नियमित अवधि के लिए अनुबंध आधार पर एक वर्ष के लिए हरियाणा राज्य की जेलों में वालंटियर जेल वार्डर नियुक्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिए एक तय मानदेय जैसा कि नीचे दर्शाया है, 317 भूतपूर्व सैनिकों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को निम्नलिखित निबन्धनों तथा शर्तों पर लिया जायेगा :-

1. भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल जिनकी आयु 25 से 50 वर्ष के बीच हो और जिन्हें अनुशासनहीनता, कदाचार या चिकित्सा अस्वस्थता के कारण सेवा से न हटाया गया हो, पात्र होंगे।
2. इस तरह के वालंटियर जेल वार्डर अनुबन्ध आधार पर केवल एक वर्ष की अवधि या नियमित उम्मीदवार के कार्यग्रहण की तिथि जो भी पहले हो के लिए 18000/- रूपये मासिक मानदेय पर रखे जाएंगे। इस राशि को वालंटियर जेल वार्डर को नकद न देकर उनके बैंक खाते में जमा करवाया जाएगा।
3. वालंटियर जेल वार्डरों को भर्ती के समय दो जोड़ा वर्दी, एक जोड़ा जूते और अन्य आवश्यक वर्दी से संबंधित वस्तुओं के लिए 3000/- रूपये केवल एक बार दिये जाएंगे।
4. वालंटियर जेल वार्डर जब सरकारी दौरे पर जाएगा तो उसके लिए 150/- रूपये प्रतिदिन यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता (टी.ए./डी.ए.) दिया जाएगा।
5. वालंटियर जेल वार्डरों को आकस्मिक अवकाश, जो हरियाणा जेल विभाग के जेल वार्डरों के लिए लागू है, प्रदान किया जाएगा। वह निम्नलिखित अनुग्रह राशि के लिए भी पात्र होंगे :-
   क) ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर - 10 लाख रूपये।
   ख) स्थाई विकलांगता पर - 1 लाख से 3 लाख रूपये तक।
   ग) गंभीर चोट पर - 1 लाख रूपये तक।
6. वालंटियर जेल वार्डरों की भर्ती के समय कोई लिखित परीक्षा तथा शारीरिक मापतोल का आयोजन नहीं होगा। परन्तु निम्नलिखित शर्तों की पालना की जाएगी :-
   क) सेना/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सेवा कम से कम पांच वर्ष की होनी चाहिए।
   ख) सेवानिवृति के समय चिकित्सा ए श्रेणी होनी चाहिए। सेवानिवृति के समय चरित्र प्रमाण पत्र अनुकरणीय / प्रकृष्ठ होना चाहिए।

इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने साथ मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवा संबंधित प्रमाण पत्र तथा उनकी प्रमाणित छायाप्रतियां, जन्मतिथि के समर्थन में, योग्यता, अनुभव, सैन्य अधिकारियों / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा जारी सेवा निवृति प्रमाण-पत्र तथा चार पासपोर्ट आकार के फोटो सहित नीचे दिये गये स्थानों पर सुबह 10:00 बजे पहुचें। कई स्थानों पर रिक्तियों की अधिकता को देखते हुये सभी स्थानों पर साक्षात्कार हेतु दो दिन दिनांक 03.10.2020 तथा दिनांक 04.10.2020 नियत की गई है। अधकि जानकारी के लिए वेबसाइट देखे: वेबसाइट लँकि

नोट :- 1. जिला जेल रेवाड़ी व जिला जेल करनाल पर भर्ती उम्मीदवारों को प्रशासनिक अनिवार्य आवश्यकता के लिऐ अस्थाई ड्यूटी हेतु अन्य नजदीकी जेलों पर भी तैनात किया जा सकता है।

क्रम सं.	साक्षात्कार का स्थान	कुल वालंटियर जिनको अनुबंध आधार पर एक वर्ष के लिए रखा जाना है
1.	केन्द्रीय जेल अम्बाला	02
2.	केन्द्रीय जेल-1 हिसार	45
3.	केन्द्रीय जेल-2 हिसार	01
4.	जिला जेल भिवानी	02
5.	जिला जेल फरीदाबाद	50
6.	जिला जेल गुरूग्राम	68
7.	जिला जेल झज्जर	01
8.	जिला जेल जीन्द	03
9.	जिला जेल कैथल	02
10.	जिला जेल करनाल	44
11.	जिला जेल कुरूक्षेत्र	03
12.	जिला जेल नारनौल	02
13.	जिला जेल पानीपत	29
14.	जिला जेल रेवाड़ी	58
15.	जिला जेल रोहतक	01
16.	जिला जेल सिरसा	01
17.	जिला जेल सोनीपत	02
18.	जिला जेल यमुनानगर	03
	कुल	**317**

पीआरडीएच- 1277/11/20/2021/82797 दि. 15.09.20